'केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचे'

बीकानेर, (कासं)। केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल की अध्यक्षता में सोमवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। इस दौरान मेघवाल ने केन्द्र सरकार प्रवर्तित 37 योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक बैठे प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे यह सुनिश्चित किया जाए।

मेघवाल ने कहा कि जल जीवन मिशन, केन्द्र सरकार की अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना है। जिला कलेक्टर द्वारा इसकी नियमित मॉनिटरिंग की जाए। जल जीवन मिशन से जुड़े कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ हों। उन्होंने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के लाभ से वंचित ढाणियों का सर्वे करवाया जाए। योजना के द्वितीय फेज के तहत इनमें मार्च 2025 तक विद्युत कनेक्शन करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने पीएम-सूर्या और पीएम-कुसुम योजना की प्रगति भी जानी।

मेघवाल ने कहा कि सीआरआईएफ की सड़कों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तृतीय चरण के तहत स्वीकृत और प्रगतिरत कार्यों के बारे में जाना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के बारे में जाना और कहा कि संस्थागत प्रसव में और अधिक सुधार लाने के प्रयास करें। उन्होंने राज्य सरकार की मां बाउचर योजना के तहत पंजीकृत सोनोग्राफी केन्द्रों की सूची का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।

केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने बीकानेर कलेक्ट्रेट में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक को संबोधित किया।

केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार की बजट घोषणाओं में स्वीकृत स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन निर्माण और संस्थान क्रमोनयन से जुड़े कार्य प्राथमिकता से करवाएं। उन्होंने कहा कि पीबीएम अस्पताल के सौ वर्ष पूर्ण होने पर इसे पीजीआई जैसे केन्द्र के रूप में स्वीकृत करवाने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने शहरी क्षेत्र के आवासहीन परिवारों का सर्वे करने के निर्देश दिए, जिससे उन्हें नॉर्म्स के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) का लाभ दिया जा सके।

मेघवाल ने अमृत 2.0 के तहत स्वीकृत कार्यों की समीक्षा की और कहा कि श्रीडूंगरगढ़, नोखा, खाजूवाला, लूनकरणसर और नापासर नगर पालिकाओं के लिए अमृत के तहत भी प्रस्ताव बनाए जाएं। उन्होंने कहा कि बीकानेर में वयोश्री योजना के तहत शिविर लगाया जाए। उन्होंने मनरेगा के तहत जिले की स्कूलों की चारदीवारी और शेड निर्माण नवाचार की सराहना की। गांवों में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की।

मेघवाल ने जिले में ड्राई पोर्ट की स्थापना और गैस पाइपलाइन सहित सिरेमिक हब की संभावनओं पर चर्चा की और इस संबंध में भावी कार्ययोजना के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि जिले के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर केन्द्र सरकार के मंत्रियों सहित प्रदेश के मुख्यमंत्री से सतत संवाद किया जा रहा है। उन्होंने महाराजा गंगासिंह द्वारा गंगनहर के शिलान्यास के सौ वर्ष पूर्ण होने पर अगले साल बीकानेर में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में बताया।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि जल जीवन मिशन के कार्य करने के पश्चात्

- **केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित**

संबंधित संवेदक सड़कों पुनः दुरूस्त करवाए। मां बाउचर योजना की प्रगति पर संतोष जताते हुए उन्होंने इसके और अधिक प्रचार-प्रसार के लिए निर्देशित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के तहत पूर्ण कार्यों का बकाया भुगतान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बने समस्त सामुदायिक शौचालय क्रियाशील रहें यह सुनिश्चित किया जाए। गोदारा ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ना है। इसके लिए सभी अधिकारी पूर्ण गंभीरता से कार्य करें। इस दौरान खाजूवाला विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल, श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत, बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास और महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित मौजूद रहे। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने जिले में किए जा रहे नवाचारों और उपलब्धियों की जानकारी दी। बैठक में पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह सागर, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहन लाल, नगर निगम आयुक्त मयंक मनीष आदि मौजूद थे।

वीडियो कांफ्रेंसिंग रूम का उद्घाटन

बीकानेर, (कासं)। पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग मंत्री जोराराम कुमावत ने राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय बीकानेर में वीडियो कांफ्रेंसिंग रूम का उद्घाटन किया।

मंत्री जोराराम ने इस अवसर पर कुलपति एवं अधिकारियों के साथ विश्वविद्यालय की वर्तमान स्थिति, भविष्य की योजनाओं एवं विकास के संभावित क्षेत्रों पर गहन चर्चा की। शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार, अनुसंधान कार्यों को बढ़ावा देने तथा छात्रों के समग्र विकास के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित ने बताया कि इस वीडियो कांफ्रेंसिंग रूम में स्थापित सिस्टम के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा ली जाने वाली विभिन्न तरह की ऑनलाइन बैठकों में विश्वविद्यालय की भागीदारी सुनिश्चित की जा सकेगी। राज्य सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा दिन प्रतिदिन ली जाने वाली बैठकों में विश्वविद्यालय के अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से जुड़ सकेंगे।

इसके साथ ही इसमें विद्यार्थियों के लिए ए.आर-वी.आर सुविधा भी स्थापित की गई है। इसके माध्यम से छात्र यहां बैठे ही वर्चुअली देश की किसी भी प्रयोगशाला से जुड़ सकेंगे और वहां चल रहे अनुसंधान कार्यों को वर्चुअल देख व सुन सकेंगे। जिससे देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी स्थापित उन्नत तकनीक से अपने आपको वर्चुअली जोड़ पायेंगे एवं उसे समझ पायेंगे। प्रो. धूड़िया ने बताया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा इस तरह की सुविधा देश के 18 अग्रणी विश्वविद्यालय में उपलब्ध करवाई गई है जिसमें राजूवास भी शामिल है।

सार-समाचार

प्रतिभा सम्मान समारोह 25 को

संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने जैन महासभा के प्रतिभा सम्मान समारोह के बैनर का विमोचन किया।

बीकानेर, (कासं)। सम्पूर्ण जैन समाज बीकानेर की प्रतिनिधि संस्था जैन महासभा बीकानेर द्वारा 25 अक्टूबर को जैन समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जायेगा। जिसके बैनर का विमोचन संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने करते हुए कहा कि प्रतिभाओं का समाज द्वारा सम्मान करने पर उन्हे प्रोत्साहन मिलता है व प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होता है। इस अवसर पर सिंघवी ने जैन महासभा बीकानेर द्वारा आयोजित होने वाले इस प्रतिभा सम्मान समारोह की प्रशंसा की। जैन महासभा बीकानेर के अध्यक्ष विनोद बाफना ने बताया कि यह प्रतिभा सम्मान समारोह पूर्व में लगातार हो रहा था परन्तु कोविड के बाद अब दिनांक 25 अक्टूबर को आयोजित होना प्रस्तावित है जिसमें जैन समाज के छात्र छात्राएं जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में 10-12 में 85 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किए है व अन्य उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि अथवा 70 प्रतिशत से अधिक प्राप्तांक पर सम्मानित किया जायेगा। इसके साथ ही शिक्षा के अलावा खेल व अन्य क्षेत्र में विशेष स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया जायेगा। विमोचन के अवसर पर कार्यक्रम सयोजक संजय कोचर ने बताया कि सम्मान समारोह के आवेदन जैन महासभा की बेबसाइट पर ऑनलाइन लिये जायेंगे जो 08 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक जारी रहेंगे। प्राप्त फार्मों की जांच कर 23 अक्टूबर को आवेदकों को सूचित कर दिया जायेगा। इस अवसर पर सम्मान समारोह समिति से जुड़े॰जैन लूणकरण छाजेड़, जैन विनोद बाफना, चम्पकमल सुराणा, इन्द्रमल सुराणा, बबिता जैन, डॉ नितेश आसानी, सहमंत्री विजय बाफना हेमन्त सिंगी, विनोद पारख आदि उपस्थित थे।

जीतकर लौटे खिलाड़ियों का स्वागत

राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में चैम्पियनशिप ट्रॉफी जीतकर बीकानेर पहुंची टीम का स्वागत किया।

बीकानेर, (कासं)। सवाई माधोपुर में आयोजित 68 वीं राज्य स्तरीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता में रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता अंडर - 14 आयु वर्ग में बीकानेर जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चैम्पियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। इस अवसर पर चैम्पियन टीम के बीकानेर पहुंचने पर विजेता खिलाड़ियों एवं दल प्रभारी गणेश चौधरी और दल सदस्य सरोज का रेलवे स्टेशन पर पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। दल प्रभारी गणेश चौधरी ने बताया कि 68 वीं राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में अंडर - 14 आयु वर्ग के अन्तर्गत बीकानेर के खिलाड़ी दिनेश कड़वासरा ने दो स्वर्ण पदक, मोहित कड़वासरा ने दो रजत पदक व एक कांस्य पदक और साक्षी कंवर ने एक कांस्य पदक जीतते हुए कुल छह पदकों के साथ चैम्पियन ट्रॉफी का खिताब बीकानेर जिले के नाम किया। इस सम्पूर्ण प्रतियोगिता में दिनेश कड़वासरा ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए राजस्थान के बेस्ट स्केटर्स का खिताब हासिल किया। इस अवसर पर टीम द्वारा चैम्पियन ट्रॉफी के साथ बीकानेर पहुंचने पर शिवशंकर गोदारा, सोहनलाल कुकणा, नरेन्द्रसिंह,राकेश गोदारा, रामनारायण कूंकणा, किशनलाल प्रजापत, मनीष पचार, रामरख जाखड़, शिवरतन चाहर, भागीरथ सैनी, जगदीश डिडेल, मनसुख चौधरी, रमेश शर्मा, अनवर अली, भरताराम सिद्धू सहित अनेक लोगों ने रेलवे स्टेशन पर विजेता टीम का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

शोर मचाने पर रेल पटरी की प्लेट खोल रहे युवक भाग छूटे

बीकानेर, (कासं)। ट्रेन बेपटरी करने की एक और साजिश का मामला सामने आया है। बीकानेर शहरी क्षेत्र में चौखूंटी ओवरब्रिज के नीचे रेल पटरी की जाइंट प्लेट खुली मिली। हालांकि जागरुक लोगों के शोर मचाने पर प्लेट खोल रहे युवक भाग छूटे।

इसकी सूचना रेलवे के अधिकारियों और आरपीएफ को दी गई। रेलवे ने इसकी जांच शुरू कर दी है। बता दें कि राजस्थान में 44 दिन के अंदर चौथी बार ट्रेन पलटाने की साजिश का मामला सामने आया है। सामाजिक संगठन के रोहिताश्वर बिस्सा के मुताबिक शाम करीब 5 बजे वह ओवरब्रिज के नीचे से पटरी पार कर दूसरी तरफ जा रहा था।

इस दौरान कुछ दूरी पर रेलवे पटरी पर दो युवक पटरी का जाइंट खोल रहे थे। आवाज लगाई तो रेल पटरी से छेड़छाड़ कर रहे युवक भाग निकले।

- **रेल पटरी की जाइंट प्लेट एक तरफ से खोल दी गई थी, केवल एक नट ही खोलना शेष था**

मौके पर जाकर देखा तो रेल पटरी की जाइंट प्लेट एक तरफ से खोल दी गई थी। केवल एक नट ही खोलना शेष था। उन्होंने रेलवे अधिकारियों से सम्पर्क करने का प्रयास किया लेकिन फोन नो रिप्लाई मिला। इस पर उन्होंने पास की वर्कशॉप से कुछ लोगों को बुलाया और रेल पटरी की प्लेटों के नट कसने शुरू किए। साक्ष्य के तौर पर वीडियो भी बना लिया। कुछ देर बाद लाइनमैन और आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंच गई। उन्होंने रेल पटरी के जाइंट को ठीक कर दिया। वहीं पुलिस देर रात तक अज्ञात युवकों की पहचान में जुटी रही। हालांकि अभी तक जाइंट प्लेट खोलने वालों का पता नहीं चल पाया है।

राजस्थान में 44 दिन के अंदर ट्रेन पलटने की साजिश का ये चौथा मामला है। इससे पहले 8 सितम्बर की रात अजमेर के सरधना और बांगड़ ग्राम रेलवे स्टेशन के बीच रेलवे ट्रैक पर सीमेंट के ब्लॉक रखकर ट्रेन को बेपटरी करने की साजिश हुई थी। ट्रेन का इंजन सीमेंट ब्लॉक को तोड़ते हुए आगे निकल गया था।

28 अगस्त को बारां के छबड़ा में मालगाड़ी के ट्रैक पर बाइक का स्क्रैप फेंका गया था। मालगाड़ी का इंजन बाइक के कबाड़ से टकरा गया था। हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई थी। 23 अगस्त को पाली में अहमदाबाद-जोधपुर वंदे भारत एक्सप्रेस के ट्रैक पर सीमेंट के ब्लॉक रखे गए थे लेकिन कोई जनहानि नहीं हुई थी।

बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी

बीकानेर, (कासं)। दीपावली पूर्व लाइन/फीडर आदि के रख-रखाव, पेड़ों की कटाई-छंटाई के लिए मंगलवार को प्रातः 07 बजे से 10 बजे तक निम्न स्थानों पर विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

विभाग के अनुसार कल उदयरामसर गांव, बाईपास रोड, उदयरामसर रेलवे स्टेशन, एन.एच. 89, धारनिया पेट्रोल पंप, चंडोक पेट्रोल पंप, हनुमान मंदिर और ग्रामीण बरसिंहसर बाईपास, जयपुर रोड बाईपास और ग्रामीण, उदयरामसर कृषि, चौधरी कॉलोनी, बाफना स्कूल, तुलसी समाधि स्थल, हंसा गेस्ट हाउस, वसुंधरा नगर, महादेव चौक आदि का क्षेत्रों में बिजली गुल रहेगी। वहीं मुरलीधर कॉलोनी सैक्टर 2 व 3, एस.डी. स्कूल, सामुदायिक भवन, ड्यूनेक मोटर्स गजनेर रोड, आश्रम मुरलीधर के पास, रामदेव पार्क के पास मुरलीधर आदि का क्षेत्र, रामपुरिया आईस फैक्ट्री, नगर निगम भण्डार के पास बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

नवपद ओली की तपस्या, जाप व व्याख्यान 9 से

बीकानेर, (कासं)। जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वर म.सा. आदि ठाणा 18, साध्वी विजय प्रभा, प्रभंजना श्रीजी आदि ठाणा के सानिध्य में बुधवार से नवपद ओली की तपस्या, जाप व विशेष व्याख्यान शुरू होगा।

नवपद ओली के अनुष्ठान 17 अक्टूबर को (भगवान नेमिनाथ परमात्मा के च्यवन कल्याणक) संपन्न होंगे। इसी दिन जैनाचार्य के सानिध्य में (भगवान कुंथुनाथ परमात्मा के च्यवन कल्याणक) पर शुरू हुआ 81 दिवसीय 5 करोड़ नवकार महामंत्र जाप अभियान संपन्न होगा। बीकानेर के मुनि सम्यक रतन सागर म.सा. ने सोमवार को बताया कि नवपद ओली के दौरान पंच परमेष्ठी के पांच पद अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय व साधु के साथ तप, ज्ञान, दर्शन व चारित्र की साधना आराधना की जायेगी।

श्रावक-श्राविकाएं आयम्बिल की तपस्याएं करेंगे। आयम्बिल की

- **आधि, व्याधि, रोग, शोक, मानसिक शांति, धर्म-आध्यात्म की प्राप्ति के लिए नवपद ओली की तपस्या, जाप व साधना श्रेष्ठ है**

तपस्या के दौरान कई श्रावक-श्राविकाएं पंच परमेष्ठी के पद के वर्ण अनुसार लूखा व नीरस भोजन दिन में एक बार करेंगे। उन्होंने बताया कि आधि, व्याधि, रोग, शोक, मानसिक संताप से मुक्ति शांति, धर्म-आध्यात्म की प्राप्ति के लिए नवपद ओली की तपस्या, जाप व साधना श्रेष्ठ है। पर्व के दौरान महाराजा श्रीपाल-मैना सुन्दरी के जीवन आदर्श, धर्म साधना पर विशेष व्याख्यान होगा।

घर के आगे खड़ी बाइक को आग लगाई

बीकानेर, (कासं)। शहर में दिनों दिन अपराध बढ़ते ही जा रहे है। अपराधी बेखौफ होकर अपराधों को अंजाम देने से बाज नहीं आ रहे है। ताजा मामला आचार्य चौक स्थित भैंरूजी के पास वाली गली का है। जहां देर रात एक गली में खड़ी मोटरसाइकिल को आग के हवाले कर दिया गया।

आगजनी की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसमें स्पष्ट तौर पर देखा जा सकता है कि किसी तरह दो युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर आएं। इसमें से एक युवक मोटरसाइकिल से उतरा और घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल पर पेट्रोल डालकर उसमें आग लगा दी। हालांकि इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में इस बात को लेकर खासी चर्चा बनी हुई है कि आखिर ये युवक कौन थे और उन्होंने इस मोटरसाइकिल को आग क्यों लगाई। जानकारी मिली है कि यह मोटरसाइकिल ललित जोशी नामक युवक की है।

घटना की सूचना के बाद नयाशहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा सीसीटीवी फुटेज की सार संभाल की। हालांकि युवकों की पहचान नहीं हो पाई है। दोनों युवकों ने मुंह कपड़े से ढक रखा था। किन्तु पुलिस दोनों युवकों की तलाश में जुटी हुई है। फिलहाल ललित के बड़े भाई गोपाल जोशी ने पुलिस को परिवाद दिया है। गोपाल जोशी ने बताया कि उनकी किसी से कोई रंजिश नहीं है। आखिर इन युवकों ने ऐसा क्यों किया। ये तो पकड़ में आने के बाद ही पता चल पायेगा।

विज्ञान नाटक प्रतियोगिता

बीकानेर, (कासं)। मरूधर नगर स्थित एनएनआरएसवी उच्च माध्यमिक विद्यालय के ऑडिटोरियम में आज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय बीकानेर की ओर से खंड स्तरीय विज्ञान नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बीकानेर संभाग के चार जिलों से चयनित 6 टीमों ने सहभागिता निभाई।

प्रतियोगिता में शामिल टीमों ने वैदिक जल संकट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और समाज, आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य और स्वच्छता, जलवायु परिवर्तन और इसका प्रभाव पर अपनी विशेष प्रस्तुतियों के द्वारा उपस्थित दर्शकों एवं विद्यार्थियों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में एनएनआरएसवी के विद्यार्थियों की प्रस्तुति को प्रथम स्थान मिला।

नोखा के 10 निवेशकों ने 160 करोड़ के निवेश की सहमति दी

बीकानेर, (कासं)। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टमेट समिट के जिला स्तरीय कार्यक्रम से संबंधित बैठक सोमवार को नोखा के जिला उद्योग संघ कार्यालय में हुई। बैठक में रीको के क्षेत्रीय प्रबंधक एस.पी. शर्मा और जिला उद्योग केन्द्र के उपायुक्त सुरेन्द्र कुमार ने समिट से जुड़ी जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय समिट 9 से 11 दिसम्बर तक जयपुर में होगी। इससे पूर्व जिला स्तरीय समिट का आयोजन 13 नवम्बर को लक्ष्मी निवास पैलेस में होगा। इसके संबंध में जिले के निवेशकों को निवेश करने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसी श्रृंखला में नोखा के दस निवेशकों ने 160 करोड़ रूपये के

- **जिला स्तरीय राइजिंग राजस्थान समिट 13 नवम्बर को लक्ष्मी निवास पैलेस में होगी**

निवेश की सहमति जताई। इससे लगभग पांच सौ लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने बताया कि पूर्व में जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तर पर बैठक आयोजित की गई। इसमें जिले भर के निवेशकों के साथ संवाद हुआ तथा एमओयू चिन्हित किए गए।

उन्होंने बताया कि जिले के अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में भी ऐसी बैठकों का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान नोखा उद्योग संघ के अध्यक्ष अनिल जैन, राजेश अग्रवाल, राजेश , गजेन्द्र पाल सिंह और मोहित धारणिया आदि मौजूद थे।

श्रीगंगानगर। जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलेक्टर डॉ. मंजू की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान जिला कलेक्टर ने राइजिंग राजस्थान तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि इसके सफलतापूर्वक आयोजन में समस्त अधिकारी और कर्मचारी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। बैठक में तैयारियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि निवेशकों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो।

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक :- नियमन/ 2024/ 3930 दिनांक : 01/10/2024

सार्वजनिक आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कान्हा राम पुत्र श्री जगदीश कुमार निवासी वार्ड नं. 4, चक 6 एलएनपी, उद्योग विहार, तहसील व जिला श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूमि का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 10 किला नं. 21, 22 में माप 15 इन्चू 50 फीट भू.स. आरडी-54, साउथ पार्ट, रामदेव कॉलोनी, श्रीगंगानगर	भूखण्ड का आवासीय पट्टा संख्या 15328 दिनांक 23.06.2022 को श्री नीरज बंसल पुत्र श्री किशन लाल बंसल के नाम से जारी किया हुआ है। वर्तमान में उक्त भूखण्ड इन्हीं के नाम से दर्ज है।	श्रीमती सुक्खी देवी द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 30.09.2019 के द्वारा क्रय कर उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में श्री कान्हा राम पुत्र श्री जगदीश कुमार निवासी वार्ड नं. 4, चक 6 एलएनपी, उद्योग विहार, तहसील व जिला श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/ उजर/ दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/ हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/ उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या:- SGNR/FY24-25/MUT/613 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN
Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2024/3885 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 28.9.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राजेन्द्र धवन पुत्र श्री मुलखराज धवन निवासी 6 बी, प्रेमनगर, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्तानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 53 किला नं. 20 में माप 13 इंटू 65 फीट भू.सं. 6 बी पार्ट, प्रेमनगर, श्रीगंगानगर	आवासीय पट्टा सं. 2015 दिनांक 22.01.2013 को श्रीमती वीरा देवी पत्नी श्री मुलखराज के नाम से जारी किया हुआ है। वर्तमान में उक्त भूखंड इन्हीं के नाम से दर्ज है।	श्रीमती वीरा रानी की मृत्यु दिनांक 3.3.2023 को होने के उपरांत श्री राजेन्द्र धवन द्वारा पंजीकृत वसीयत पत्र 18.7.2022 की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखंड के नामान्तरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्री राजेन्द्र धवन पुत्र श्री मुलखराज धवन निवासी 6 बी, प्रेमनगर, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।
आवेदन सं. :- SGNR/FY24-25/MUT/668 सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN
Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2024/3937 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 7.10.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सरोज गर्ग पत्नी श्री सुरेन्द्र कुमार गर्ग निवासी 19 मधुबन कॉलोनी, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्तानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 2 ई छोटी मुरब्बा नं. 29 किला नं. 07 में माप 40 इंटू 70 फीट भू.सं. जी-22, औलखनगर, श्रीगंगानगर	नियमन पट्टा सं. 8592 दिनांक 12.03.2010 को श्री सौदागर सिंह पुत्र श्री भजन सिंह के नाम से जारी किया हुआ है। वर्तमान में उक्त भूखंड इन्हीं के नाम से दर्ज है।	श्रीमती सरोज गर्ग द्वारा उक्त भूखंड को दिनांक 27.8.2024 को जरिये पंजीकृत बैयनामा क्रय कर उक्त भूखंड के नामान्तरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्रीमती सरोज गर्ग पत्नी श्री सुरेन्द्र कुमार गर्ग निवासी 19 मधुबन कॉलोनी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन सं. :- SGNR/FY24-25/MUT/794 सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

किसान मोर्चा प्रदेश नेतृत्व के दिए सदस्यता लक्ष्य को जल्द पूरा करेगा : भागीरथ चौधरी

बीकानेर, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य व किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष चंद्र मोहन जोशी की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री व किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष भागीरथ चौधरी की उपस्थित में वृंदावन होटल में किसान मोर्चा पदाधिकारियों की बैठक रखी गई।

इस बैठक में किसान मोर्चा द्वारा अब तक बनाये गए सदस्यों की समीक्षा की गई और आगामी दिनों में किस तरह और किसानों को सदस्यता के माध्यम से जोड़ा जा सके, उस पर चर्चा हुई। भागीरथ चौधरी ने कहा किसान मोर्चा की पूरी टोली जिस तरह से जुटी है। हमें विश्वास है मोर्चा प्रदेश नेतृत्व द्वारा दिए गए लक्ष्य को जल्दी पूरा करेगा। प्रत्येक किसान को भाजपा का सदस्य बनाना है।

बीकानेर के आचार्य चौक में केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी की उपस्थिति में मंडल अध्यक्ष कमल आचार्य के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

इस लक